BSES

दक्षिण व पश्चिम दिल्ली में बीआरपीएल कैश काउंटर ज्यादा समय तक खुले रहेंगे

- उपभोक्ताओं की भीड़ को देखते हुए 31 मार्च तक लागू रहेगी यह व्यवस्था

नई दिल्लीः 23 मार्च, 2012। चालू वित्त वर्ष 31 मार्च को समाप्त होने जा रहा है और ऐसे में, बिजली बिलों के भुगतान के लिए बीआरपीएल कैश काउंटरों पर उपभोक्ताओं की भीड़ काफी बढ़ गई है। उपभोक्ताओं की सहूलियत को देखते हुए, बीआरपीएल ने दक्षिण और पश्चिम दिल्ली के अपने सभी कैश काउंटरों व कस्टमर केयर सेंटरों को ज्यादा समय तक खोले रखने का फैसला किया है। बीआरपीएल के 19 डिवजनों में स्थित 100 से अधिक कैश काउंटर्स अब शाम 4 बजे तक भुगतान स्वीकार करेंगे। यह व्यवस्था आगामी 31 मार्च तक लागू रहेंगी। ये काउंटर सप्ताह में छह दिन खुलते हैं।

जो उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक ड्रॉप बॉक्सेज के माध्यम से भुगतान करना चाहते हैं, वे सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक भुगतान कर सकते हैं। बीआरपीएल ऑफिसों में इलेक्ट्रॉनिक ड्रॉप बॉक्सेज के माध्यम से रविवार को भी बिजली बिलों का भुगतान किया जा सकता है।

वैसे, बीआरपीएल उपभोक्ताओं के पास बिल भुगतान के 5000 से भी अधिक विकल्प मौजूद हैं। एक ओर एटीएम मशीनों की तर्ज पर बिल भुगतान की लिए मशीनें लगाई गई हैं, तो दूसरी ओर ईजी बिल आउटलेट्स, स्काईपैक ड्रॉप बॉक्सेज, सुविधा आउटलेट्स, और प्रोजेक्ट निकट ड्रॉप बॉक्सेज के माध्यम से भी भुगतान किया जा सकता है। यही नहीं, लोग इट्ज कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग, ऑटो डेबिट और यहां तक कि एमएमएस के माध्यम से भी अपने बिलों का भुगतान कर सकते हैं।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआपीएल व बीवाईपीएल अपने उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

....